CHHATTISGARH SWAMI VIVEKANAND TECHNICAL UNIVERSITY, BHILAI
छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई

क्रमांक : छगस्ववितवि / सूचना / 2019 / 3278 भिलाई, दिनांक: 20/11/19

प्रति,

प्राचार्य
समस्त सम्बद्ध शोध केन्द्र
छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई
दुर्ग (छ.ग.)

विषयः– **सत्र् 2017–18 में पीएच.डी (Ph.D) पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय में नामांकन के संबंध में।**

संदर्भ :– पत्र क्रमांकः छगस्वावितवि / सूचना / 2019 / 3170, दिनाॅकः 06 / 11 / 2019 में संशोधन ।

महोदय,

विषयांतर्गत ज्ञात हो कि सत्र 2017–18 में पीएच.डी पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का नामांकन विश्वविद्यालय में होना है। इस संबंध में शोध केन्द्र से यह अपेक्षा की जाती है कि शोधार्थियों के नामांकन फार्म का प्रिंट–आउट सभी जानकारियाँ एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ सुव्यवस्थित रूप से संलग्न कर परीक्षण उपरान्त ही नामांकन फार्म को संस्थाओं द्वारा संशोधित दिनांक 12 दिसंबर 2019 तक Approval कर दिनांक 17 दिसंबर 2019 तक विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करें। किसी भी त्रुटि के लिये संबंधित शोध केन्द्र जिम्मेदार होगा अतः हस्ताक्षर करने के पूर्व प्राचार्य स्वयं त्रुटि शून्यता को निश्चित कर लेवें।

विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.csvtu.ac.in में दिए गए Enrollment form लिंक के माध्यम से ऑनलाईन(Online) नामांकन फार्म भरे जाने है, जो संशोधित दिनांक 27 नवंबर 2019 से 07 दिसंबर 2019 तक उपलब्ध रहेगा। नामांकन संबंधी शुल्क ऑनलाइन नामांकन फार्म के साथ ही अभ्यर्थी द्वारा जमा किया जाना है।

विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालय ऑनलाइन (Online) नामांकन फार्म की प्रक्रिया के संबंध में छात्र–छात्राओं को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें।

नामांकन फार्म से संबंधित समस्त जानकारियों से शोधार्थियों को अवगत करायें।

संलग्नः– दिशा निर्देश।

नोटः– ऑफ लाईन नामांकन फार्म (Off line Enrollment form) विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नही किये जायेगें।

कुलसचिव 20/11/19
छगस्ववितवि,भिलाई

प्रतिलिपिः

1. निज सहायक, माननीय कुलपति महोदय।
2. मास्टर फाईल।

Village-Newai, Post-Newai, Bhilai, Distt.-Durg (Chhattisgarh) PIN-491107Ph. No.: 0788-2200062,
Fax No.: 0788-2445020, Website: www.csvtu.ac.in, E-mail: registrar@csvtu.ac.in

// नामाकंन फार्म विश्वविद्यालय भेजने के आवश्यक दिशा निर्देश //

****

1 नामांकन फार्म के प्रिंटआउट में संस्था के प्राचार्य के **हस्ताक्षर एवं मोहर** होना अनिवार्य है।

2 नामांकन फार्म के प्रिंटआउट के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की **सत्यापित प्रतिलिपि** अनिवार्य रूप से संलग्न करें ।

(i) 10 वीं अंकसूची की **सत्यापित प्रतिलिपि**।

(ii) निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अंकसूची की **सत्यापित प्रतिलिपि**।

(iii) निवासी प्रमाण पत्र (Domicile Certificate) **सत्यापित प्रतिलिपि** (यदि लागू हो)।

(iv) स्थाई या उच्च स्तरीय छानबीन समिति द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र (ST,SC,OBC) एवं छ.ग. निवासी प्रमाण पत्र (CG domicile) अनिवार्य रूप से संलग्न करें (यदि लागू हो)।

(v) यदि शोधार्थी छ.ग. स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के अलावा दूसरे विश्वविद्यालय से डिग्री किया हो तो **ओरिजनल प्रवजन प्रमाण–पत्र (Original Migration Certificate)** जमा करना अनिवार्य होगा।

(vi) वर्तमान शिक्षा सत्र में प्रवेश लेने के पूर्व पढ़ाई में अंतराल (Gap) हुआ हो तो **ओरिजनल गेप सर्टिफिकेट (Original Gap Certificate)** अनिवार्य रूप से जमा करें। (यदि लागू हो)

3 यदि शोधार्थी का नामांकन पूर्व में इस विश्वविद्यालय में हो चुका था, परंतु उसने अपना **प्रवजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate)** विश्वविद्यालय से प्राप्त कर लिया है, या Migration Certificate के लिए आवेदन किया है ऐसे शोधार्थी को पुनः इस विश्वविद्यालय में नामांकन के लिए **ओरिजनल प्रवजन प्रमाण–पत्र (Original Migration Certificate)** जमा करना होगा।

4 आवश्यकता पड़ने पर सभी मूल प्रमाण–पत्र विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

5 **उपरोक्त निर्देशों का पालन नहीं होने पर प्रेषित नामाकंन फार्म विश्वद्यिालय द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेगें।**

नोटः– शोध केन्द्र व शोधार्थी नामांकन फार्म भरने के पश्चात् भरे हुए नामांकन फार्म के प्रिंट–आउट की एक प्रति अवश्य सुरक्षित रखें। किसी प्रकार की त्रुटि सुधार हेतु नामांकन फार्म के प्रिंट–आउट को विश्वविद्यालय प्रेषित करें।

20/11/19
कुलसचिव
छगस्वावितवि,भिलाई

Village-Newai, Post-Newai, Bhilai, Distt.-Durg (Chhattisgarh) PIN-491107Ph. No.: 0788-2200062,
Fax No.: 0788-2445020, Website: www.csvtu.ac.in, E-mail: registrar@csvtu.ac.in